गंदगी

**दो दिन से नहीं उठा कचरा, बारिश में सड़ांध से बढ़ रहा बीमारी का खतरा**

# कचरे का अंबार, बदबू से वार्डवासी परेशान

**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** नगर के भगतसिंह वार्ड में गंदगी से रहवासी परेशान हैं। श्रीधाम हॉस्पिटल की ओर जाने वाली गली में कांग्रेस पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निधि के घर के पास एवं सचिव महेश साहू के घर के सामने दो दिन से कचरे का अंबार लगा हुआ है। बारिश के कारण कचरा सड़ रहा है और पूरे मोहल्ले में गंदी बदबू फैल रही है।

वार्ड वासियों ने बताया कि गली में कचरा पड़ा रहने से उठने-बैठने में भी परेशानी हो रही है। सड़ी बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में गंदगी से डेंगू, मलेरिया और उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। हॉस्पिटल जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो-दो दिन तक कचरा नहीं उठ रहा है। कई बार वार्ड पार्षद और सफाई कर्मचारियों को कहने के बाद भी समस्या जस की तस है। वार्ड वासियों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल गली की सफाई कराने और नियमित कचरा उठवाने की मांग की है। इस संबंध में पार्षद जगदीश श्रीवास से बात की तो उन्होंने बताया की जानकारी प्राप्त हुई है वहां का जल्द ही कचरा उठवाकर सफाई करा दी जाएगी।



## रेलवे अंडरब्रिज बना तालाब, आवागमन ठप

**नवभारत,गोटेगांव।** मानसून की पहली तेज बारिश ने रेलवे के इंतजामों की कलई खोल दी। रेलवे अंडरब्रिज के नीचे घुटनों तक नहीं, कमर तक पानी भर गया। जलभराव से पूरा आवागमन ठप हो गया। गुरुवार शाम हुई तेज बारिश के बाद अंडरब्रिज तालाब में तब्दील हो गया। करीब 4 फीट पानी भरने से दो पहिया-चार पहिया वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। मजबूरी में लोग जान जोखिम में डालकर पानी से होकर निकलते दिखे। इसी दौरान एक कार चालक ने जल्दबाजी में पानी से गाड़ी निकालने की कोशिश की। अंडरब्रिज के बीचों-बीच पहुंचते ही कार बंद हो गई और डूबने लगी। कार में सवार लोगों की सांसें अटक गईं। शोर सुनकर मौके पर मौजूद स्थानीय युवकों ने तुरंत पानी में कूदकर कार को धक्का लगाया और बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घंटों तक अंडरब्रिज पर अफरा-तफरी मची रही।



## खुले चेंबरों से बढ़ी चिंता, नागरिकों ने की सुरक्षा की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर के भगत सिंह वार्ड और नेहरू वार्ड में कई सीवर चैंबर खुले पड़े हैं। इन खुले चैंबरों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। कई बार आवारा मवेशी इनमें गिरकर घायल हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विशेषकर रात के समय और बच्चों व बुजुर्गों के लिए यह स्थिति जोखिमपूर्ण हो सकती है। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या से संबंधित वार्ड पार्षद को अवगत कराया है। उनका अनुरोध है कि खुले चैंबरों पर जल्द से जल्द ढक्कन लगाए जाएं या सुरक्षा के उपाय किए जाएं, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोगों के अनुसार, खुले चैंबरों में कचरा जमा होने से आसपास गंदगी और बदबू की समस्या भी हो रही है। इससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों की आशंका भी जताई जा रही है। भगतसिंह वार्ड और रुद्रा वार्ड के नागरिकों ने नगरपालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से विनम्र निवेदन किया है कि जनहित में इन खुले चैंबरों को प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थित किया जाए। सभी को उम्मीद है कि प्रशासन इस ओर ध्यान देकर जल्द समाधान करेगा।

## नपा का महा-एक्शन, पॉलीथिन पर सख्ती, अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका की नवागत सीएमओ ऋतु मेहरा ने शुक्रवार को स्वयं मुख्य बाजार में अभियान का नेतृत्व किया। नगर पालिका अमले के साथ की गई कार्यवाही में प्रतिबंधित पॉलीथिन बेचने और उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों पर कुल 10,600 का जुर्माना लगाया गया। सीएमओ ऋतु मेहरा ने शहर में अवैध अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो नगर पालिका बिना किसी अतिरिक्त मोहलत के जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगी। नगर पालिका की इस कार्यवाही से बाजार क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासन का कहना है कि स्वच्छता और अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# डॉक्टर्स डे एवं सीए डे पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,करेली।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था अबोड्‌ द स्कूल ऑफ ड्रीम्स में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे (सीए डे) के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने दोनों दिवसों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों में कहा कि डॉक्टर मानवता के सच्चे सेवक हैं, जो अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से लोगों के जीवन की रक्षा करते हैं। वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स देश की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने, वित्तीय अनुशासन बनाए रखने तथा पारदर्शिता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय में इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट के महत्व पर पोस्टर,कार्ड एवं स्लोगन तैयार किए तथा उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर अनुभव जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पेशा समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सेवा, ईमानदारी, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा जैसे मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी समर्पण और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें।





# एक ओर प्रकृति बचाओ के नारे, वही दूसरी ओर बरसात शुरू होते ही कटने लगा जंगल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** एक तरफ संपूर्ण देश में एक पेड़ मां के नाम का संदेश देकर गांव गांव वृक्षारोपण के फोटो खिचवाये जा रहें हैं। पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ के नारे लगवाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी और बरमान परिक्षेत्र के अंतर्गत बिलहरा सर्किल का महंगुवा चौकी बीट में सिरबोझ लकड़ी बेचकर अपना गुजारा करने वाले आदिवासी समुदाय को जंगल में घुसने की मनाही कर दी गई है यहां तक कि तार बाड़ी और जरेंटा लगाने तक के लिए मना किया जा रहा है। करोड़ों रुपए खर्च करके हर साल नर्सरी लगाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर यहां पर एक वन कर्मी का मुँह लगा एक व्यक्ति जो खुद को वन विभाग का चौकीदार बताता है। रोज खुद नर्सरी में करोड़ों रुपए की लागत से लगाए गए नए पेड़ों को काटकर खुलेआम बेच रहा है। शराब के नशे में धुत रहने वाला यह व्यक्ति वृक्षों का कत्लेआम कर रहा है। वनरक्षक को सब कुछ पता रहने के बाबजूद भी आंखों पर पट्टी बांध कर बैठे हुए हैं। पूर्व में भी यहां से छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ी बरामद हुई थी लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हो सकी थी। सजग वर्ग का कहना है कि शीघ्र इस दिशा में उचित ठोस दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

# ई-रिक्शा से मुनादी कर नगर पालिका ने लोगों को किया जागरूक

**नवभारत,गोटेगांव।** मानसून की पहली तेज बारिश के दौरान जलभराव की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद गोटेगांव ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की। नालियों पर हुए अतिक्रमण को हटाकर जल निकासी सुचारु कराई गई, जिससे रहवासियों को राहत मिली। विगत दिवस हुई भारी वर्षा के दौरान नए बस स्टैंड के सामने इंजीनियर रोहित जैन के मकान में पानी भरने की सूचना मिली। नगर पालिका की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जांच में पाया कि मकान के सामने नाली के ऊपर लगभग 15 फुट लंबी लोहे की चादर और डस्ट पेवर ब्लॉक लगाकर नाली को ढंक दिया गया था। टीम ने जेसीबी की मदद से अवरोध हटाया और नाली की सफाई कराई। कुछ ही देर में जल निकासी शुरू हो गई और घरों से पानी निकल गया। रुद्र वार्ड स्थित अल्का मेरिज गार्डन के सामने नाली पर रखे ठेलों से पानी रुक रहा था। पालिका अमले ने तत्काल मौके से ठेले हटवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराई। समय पर हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में जलभराव की समस्या नहीं बढ़ी। भविष्य में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नगर पालिका ने ई-रिक्शा पर लाउडस्पीकर से पूरे शहर में मुनादी कराई। नागरिकों से अपील की गई कि नालियों के ऊपर टीनशेड, चाय-पान के ठेले, दुकानें या अन्य अतिक्रमण न करें। साथ ही जिन लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वेच्छा से हटा लें।




### एक नजर में

## जहरीले जंतु ने डसा, 25 वर्षीय महिला की मौत

**नवभारत,गोटेगांव।** विकासखंड गोटेगांव के ग्राम पुरा दफाई में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बीती रात घर में सो रही 25 वर्षीय महिला को जहरीले जंतु ने काट लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका दुर्गाबाई ठाकुर पति बुधराज ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी पुरा दफाई अपने घर में सो रही थी। रात में अचानक किसी जहरीले जंतु के काटने से उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थाना गोटेगांव पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला दुर्गाबाई ठाकुर की जहरीले जंतु के काटने से मौत हुई है। शव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराया गया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से पुरा दफाई गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं। बारिश के मौसम में जहरीले जंतुओं के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के दौरान सांप-बिच्छू निकलने की आशंका बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से रात में मच्छरदानी लगाकर सोने और घर के आसपास रोशनी रखने की अपील की है।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम सुन्हेटी में भगवान बांके बिहारी की असीम कृपा से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 30 जून से 6 जुलाई तक किया जा रहा है। कथा व्यास पं कमल गिरी महाराज के मुखारविंद से भगवत लीलाओं का गुणानुवाद किया जा रहा है। विशाल कलश यात्रा के साथ शुरू हुई इस कथा में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण का महत्व ध्रुव भरत चरित्र अजामिल परीक्षित जन्म सहित विभिन्न विंदुओं पर काफी विस्तार से प्रकाश डाला जा रहा है। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।



## कमोद-रहली मार्ग पर मौत का नाला

**नवभारत,गोटेगांव।** तहसील के कमोद और रहली के बीच सांकल मार्ग पर स्थित नाले ने एक बार फिर खतरे की घंटी बजा दी है। लगातार बारिश के बाद नाले पर 2 फीट ऊपर पानी बह रहा है। पुलिया पूरी तरह डूब चुकी है, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। लोग जान जोखिम में डालकर नाला पार करने को मजबूर हैं। हर पल हादसे का खतरा कमोद-रहली मार्ग गोटेगांव तहसील का व्यस्ततम सांकल मार्ग है। रोजाना सैकड़ों वाहन और स्कूली बच्चे इस रास्ते से गुजरते हैं। लेकिन नाले पर 2 फीट पानी बहने से हालात जानलेवा हो गए हैं। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं। चार पहिया वाहन भी पानी के तेज बहाव में फंस रहे हैं। बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है। हर साल वही मंजर, स्थायी हल नही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई नई समस्या नहीं है। हर मानसून में यह नाला 2 से 3 फीट ऊपर बहता है। पुलिया की ऊंचाई कम होने और निकासी व्यवस्था न होने से हर साल यातायात ठप होता है। प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिए, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं हुआ। नाला उफान पर आने से कमोद, रहली सहित दर्जनभर गांवों का तहसील मुख्यालय गोटेगांव से संपर्क टूट गया है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित है। बीमार मरीज अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे। सब्जी-दूध जैसी रोजमर्रा की सप्लाई भी बंद है। हैरानी की बात यह है कि मार्ग अवरुद्ध होने के बाद भी जिम्मेदार विभाग का कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। न चेतावनी बोर्ड लगा, न वैकल्पिक व्यवस्था की गई। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। चेतावनी दी है कि यदि जल्द पुलिया ऊंची कर स्थायी हल नहीं निकाला गया तो चक्काजाम करेंगे।



## कांग्रेस समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नवभारत,गाडरवारा।** विगत दिवस होटल हीरा पार्क में जिला कांग्रेस समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कार्यालय निर्माण तथा किसानों की मूंग खरीदी से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी ने संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## हाईवोल्टेज ड्रामा बीच सड़क पर मारपीट, घंटों लगा जाम

**नवभारत,गाडरवारा।** शहर के व्यस्ततम शक्ति चौक पर शुक्रवार को मकान खाली कराने के विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। किराएदार महिलाओं और मकान मालिक के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि महिलाओं ने बीच सड़क पर ही मकान मालिक की पिटाई कर दी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मकान खाली कराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह बातचीत के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि महिलाओं ने मकान मालिक को घेरकर हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। कई लोग बीच-बचाव करने के बजाय अपने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो बनाते रहे, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और मामले की जानकारी जुटाई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किसी पक्ष ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है या नहीं। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। वहीं घटना के कारण शक्ति चौक क्षेत्र में कुछ समय तक यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया।



## लापरवाहीपूर्वक बिजली तार से हुई मौत पर मामला दर्ज

**नवभारत,गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम कामती में खेत में बिछाए गए बिजली के तार में करंट आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने खेत मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मृतक का नाम ओमकार पिता सीताराम किशोर उर्फ़ उदेनिया (लगभग 50 वर्ष) बताया गया है। घटना खेत में बिछे करंटयुक्त बिजली के तार के संपर्क में आने से हुई। पुलिस ने प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए खेत मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दिशा समिति की बैठक में नगर की प्रमुख समस्याओं पर किया ध्यान आकर्षित

**नवभारत,साईखेड़ा।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद एवं समिति के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान 28 विभागों से संबंधित 104 एजेंडों पर विस्तार से चर्चा हुई तथा विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में साईंखेड़ा नगर परिषद अध्यक्ष स्वाति सचिन अग्रवाल ने नगर की प्रमुख जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने नगर में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, विद्युत व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों की समस्याओं को समिति के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि इन मूलभूत समस्याओं के समाधान से नगरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधूरी विकास परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना सभी विभागों की जिम्मेदारी है।

बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) के अंतर्गत प्रस्तावित विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। सांसद ने मुआरङ्कउमरधा मार्ग के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम बिजौरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति, अधूरे विकास कार्य, सड़कों की गुणवत्ता, विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि तथा नेशनल हाईवे से जुड़े लंबित कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।



## एनटीपीसी ने दिये चिकित्सालय को चिकित्सा उपकरण

**गाडरवारा।** एनटीपीसी गाडरवारा ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, नरसिंहपुर को लगभग रू 3.50 करोड़ मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए।

इन उपकरणों का लोकार्पण दर्शन सिंह चौधरी, सांसद (होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र) द्वारा कलेक्टर रजनी सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस पहल के तहत अस्पताल को एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, डिजिटल बी.पी. उपकरण, क्रैश कार्ट, ईसीजी मशीनें, फीटल डॉप्लर, इन्फेंट/रेडिएंट वार्मर, लैप्रोस्कोपी सिस्टम, मल्टीपारा मॉनिटर, ऑपरेटिंग टेबल, पेशेंट स्ट्रेचर तथा सक्शन मशीनें उपलब्ध कराई गईं। इन आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित आपातकालीन एवं शल्य चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है। यह पहल समाज के प्रति एनटीपीसी गाडरवारा की प्रतिबद्धता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उसके सतत प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।



# कांग्रेस ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार को प्रमुख मुद्दों पर घेरा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला कांग्रेस कार्यालय मुश्रान भवन में आज जिला कार्यकारिणी के गठन के पश्चात आयोजित प्रथम प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने देश एवं प्रदेश से जुड़े गंभीर विषयों पर केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार से जवाब मांगा है।

**1.** नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण कांग्रेस का कहना है कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में बार-बार सामने आ रही अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों एवं उनके अभिभावकों का विश्वास कमजोर किया है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा परीक्षा प्रणाली को पूर्णतः पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की मांग करती है।




**2.** राम मंदिर, अयोध्या में चोरी का प्रकरण आस्था के सबसे बड़े केंद्रों में से एक राम मंदिर परिसर में चोरी की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है। कांग्रेस का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर की व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**3.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित जमीन घोटाले का मामला कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़े कथित जमीन घोटाले के आरोपों पर सरकार से पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि लोकतंत्र में किसी भी पद पर बैठे व्यक्ति से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है ताकि जनता के बीच विश्वास बना रहे। यदि आरोप निराधार हैं तो सरकार तथ्यों के साथ स्थिति स्पष्ट करे, और यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो कानून के अनुसार कार्रवाई हो।

**4.** कृषि प्रधान जिला नरसिंहपुर में आज किसान की मुख्य समस्या मूंग खरीदी समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा नहीं करना है, पार्टी मांग करती है कि किसान द्वारा उत्पादित मूंग की 100त्न खरीदी समर्थन मूल्य पर शीघ्रता से सरकार को करना चाहिए।।। उन्होंने कहा कि जिले में कुछ किसान संगठन मूंग खरीदी को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, इसे कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन है एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ता इस आंदोलन का बड़ा चढ़कर समर्थन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में किसानों की समस्याएँ, प्रदेश का किसान आज प्राकृतिक आपदाओं, बढ़ती लागत, उचित समर्थन मूल्य, समय पर खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई संकट तथा फसल बीमा और मुआवजे जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य, समय पर मुआवजा, सस्ती कृषि सामग्री तथा पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**5.** जिला कांग्रेस प्रवक्ता अजय दुबे एवं आशीष गुप्ता ने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं उसके अवैध भंडारण पर लेकर मीडिया एवं सोशल मीडिया में पिछले दिनों से लगातार खबरें चल रही है सरकार ने एक टास्क फोर्स बनाकर सीमित जप्ती की है, पार्टी की मांग है कि केवल सांकेतिक कार्रवाई न कर जो वास्तविक दोषी हैं जिन्होंने बड़े पैमाने पर रेत का अवैध भंडारण किया हुआ है, उनकी पहचान कर उजागर की जाए एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। कांग्रेस का मानना है कि जनता से जुड़े इन गंभीर मुद्दों पर सरकार को राजनीतिक बयानबाजी से ऊपर उठकर जवाबदेही निभानी चाहिए तथा पारदर्शी एवं जनहितकारी निर्णय लेने चाहिए।

**कांग्रेस ने गोटेगांव को दी तवज्जो- नवभारत,गोटेगांव।** जला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी में गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र-118 से लगभग एक दर्जन नेताओं को नई जिम्मेदारी मिली है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**नाम एवं जन्मतिथि संशोधन संबंधी सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम क्षमा अग्रवाल (Kshama Agrawal) है। मेरे कुछ दस्तावेजों, विशेष रूप से आधार कार्ड में, मेरे नाम की अंग्रेजी स्पेलिंग "Chama Agrawal" तथा जन्मतिथि 01.01.2007 अंकित हो गई थी, जो त्रुटिवश दर्ज हुई है। मेरा सही नाम क्षमा अग्रवाल (Kshama Agrawal) एवं सही जन्मतिथि 26.06.2007 है, जैसा कि मेरे अन्य शैक्षणिक एवं वैध दस्तावेजों में दर्ज है। अतः भविष्य में मुझे क्षमा अग्रवाल (Kshama Agrawal) एवं जन्मतिथि 26.06.2007 के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।